मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 26/02/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 379/2025
26 फरवरी 2025
केकेएन स्टेडियम, देवघर
===================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन देवघर में महाशिवरात्रि महोत्सव में हुए सम्मिलित, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव बारात को किया रवाना
==================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा वाले समय में आप सभी के सहयोग से आस्था के इस केंद्र को और मजबूती के साथ आगे ले जाएंगे
==================

◆ मुख्यमंत्री बोले- देवघर का शिवरात्रि महोत्सव निरंतर बड़ा आयाम लेने की तैयारी में बढ़ रहा आगे
==================

● महाशिवरात्रि के महापर्व की आप सभी को शुभकामनाएं

● इस महोत्सव में इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता असीम आस्था और श्रद्धा का परिचायक है

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड

महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा नगरी देवघर में बाबा भोलेनाथ के चरणों पर शीश नवाकर आप सभी का अभिनंदन करता हूं। आज यहां शिव बारात में सम्मिलित होने का मुझे भी अवसर मिला है। यहां हम एक ऐसे समूह के साथ खड़े हैं, जिसमें इंसान के साथ जीव -जंतु भी शामिल है। यह शिव बारात मात्र नहीं है। ऐसे महोत्सव में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना यह दर्शाता है कि इससे ऊपर और कोई ताकत नहीं है और कहीं ना कहीं दुनिया इसी की बदौलत चल रही है।
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आज महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा नगरी देवघर के केएनएन स्टेडियम में आयोजित शिव बारात महोत्सव को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य एवं आकर्षक झांकियों के साथ शिव बारात को रवाना किया।

उमंग ,उत्साह, खुशी, श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था का है दिन

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए उमंग ,उत्साह, खुशी, श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था का दिन है। महाशिवरात्रि का महापर्व सदियों से मनाते आ रहे हैं और आगे भी यह अनवरत जारी रहेगी। बाबा नगरी देवघर के लिए यह महापर्व विशेष है।
यहां महाशिवरात्रि के पर्व के साथ निरंतर नया अध्याय जुड़ता जा रहा है। आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य रूप ले रहा है। आज यह महोत्सव निरंतर बड़ा आयाम लेने की तैयारी में आगे बढ़ रहा है।

आस्था का यह केंद्र और मजबूती के साथ आगे बढ़े, सभी का सहयोग जरूरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवघर की पावन धरती असीम आस्था का केंद्र है। श्रावणी मेले के दौरान देश-दुनिया से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आते हैं। इतना ही नहीं सालों भर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चलता रहता है। इस पवित्र स्थल को और बेहतर करने के लिए सरकार मंथन करेगी और इसमें आपका सहयोग काफी मायने रखेगा। आने वाले समय में आस्था के इस केंद्र को और मजबूती के साथ आगे ले जाना है।

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित शिव बारात महोत्सव में मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय, मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, विधायक श्री सुरेश पासवान, विधायक श्री उदय शंकर सिंह, पूर्व मंत्री श्री बादल, जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती किरण कुमारी, संताल परगना के आयुक्त श्री लालचंद दादेल, पुलिस महानिरीक्षक क्रांति कुमार गड़िदेशी, पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री अंबर लकड़ा तथा जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत हज़ारों की संख्या में लोग मौजूद थे।
###

==================

TeamPRD(CMO)